झारखण्ड सरकार

नेतरहाट विद्यालय समिति

नेतरहाट विद्यालय समिति, कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक, दिनांक–23.02.2019 को आहूत बैठक में उपस्थिति :–

उपस्थिति :–

क्र०	नाम	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	हस्ताक्षर
1.	डॉ.(प्रो.) कृष्ण कुमार नाग, नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्ववर्त्ती छात्र।	सभापति	उपस्थित
2.	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची।	सदस्य	अनुपस्थित
3.	श्री अखिलेश वाजपेयी, उप–सचिव, वित्त विभाग, (वित्त विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य) झारखण्ड सरकार, रांची।	सदस्य	अनुपस्थित
4.	श्री हरे कृष्ण प्रसाद सिन्हा, (प्रख्यात शिक्षाविद्)	सदस्य	उपस्थित
5.	श्री विनोद कुमार कर्ण, (से.नि. प्राचार्य), नेतरहाट आवासीय विद्यालय।	सदस्य	उपस्थित
6.	श्री नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय।	सदस्य	अनुपस्थित
7.	डॉ. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।	सदस्य सचिव	23/02/19 उपस्थित

1. पूर्व पैनल के माध्यम से अंग्रेजी शिक्षक की नियुक्ति संबंधी।

प्राचार्य द्वारा सूचित किया गया कि अंग्रेजी विषय के दो शिक्षकों के त्याग पत्र एवं तीसरे के शिक्षण अवकाश पर चले जाने के कारण विद्यालय में अंग्रेजी के अध्यापन में अत्यन्त कठिनाई हो रही है। अतः पूर्व पैनल में से क्या शिक्षकों की नियुक्ति संभव है, मुख्य रूप से इसी विषय पर विचार हेतु यह विशेष बैठक आहूत की गई थी। इस क्रम में ज्ञात हुआ कि पूर्व पैनल तिथि 19.02.2018 की आहूत कार्यकारिणी समिति की बैठक में पारित की गई थी, पर सभापति के हस्ताक्षर की तिथि 16 मार्च 2018 की है। पैनल की वैधता एक वर्ष निर्धारित थी। विद्यालय के अधिवक्ता की दूरभाष पर पृक्षा से स्पष्ट हुआ कि पैनल की वैधता कार्यकारिणी की पूर्व बैठक की तिथि, अर्थात् 19.02.2018 से एक वर्ष बीत जाने के कारण विगत पैनल से नियुक्ति नहीं हो सकेगी।

23.2.2019 23.2.19 23.2.19 23/02/19

2. लातेहार जिला अंतर्गत नेतरहाट के पर्यटकीय विकास के नाम पर, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा झारखण्ड, रांची, द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के विषय में प्राचार्य को प्रेषित प्राप्त पत्र पर विचार।

इस सम्बन्ध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय की जमीन पर्यटन विकास के नाम पर नहीं दी जाय। नेतरहाट पठार पर विद्यालय की जमीन के अतिरिक्त बहुत अन्य जमीन भी उपलब्ध हैं। राज्य सरकार से अनुरोध किया जाय कि वे उस विकल्प पर विचार करें। वैसे भी नेतरहाट विद्यालय समिति के एक स्वायतशासी संस्था गठन के बाद इसकी जमीन पर शिक्षा विभाग की जमीन कहना न्यायसंगत नहीं हैं।

3. शिक्षकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन – प्रकाशन के संबंध में।

सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यथाशीघ्र विज्ञापन प्रकाशित किए जांय और रिक्त पदों पर नियुक्ति हो।

4. 'विद्यालय अनुशासन समिति' एवं छात्रों की अलग "अनुशासन समिति" गठन के संबंध मे।

उपर्युक्त विषय पर प्राचार्य को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया।

5. विद्यालय की जमीन सम्बन्धी एवं छात्र शिक्षण आदि शुल्क के निर्धारण हेतु मार्च के द्वितीय सप्ताह में उप–समिति की बैठक के संबंध में।

इस पर सर्वसम्मति हुई कि मार्च के द्वितीय सप्ताह में नेतरहाट में बैठक कर इसपर उप–समिति विचार करे व अगली बैठक में इसे प्रस्तुत किया जाय।

6. EL की संपुष्टि कार्यकारिणी समिति के माध्यम से विचार–विमर्श।

निर्णय लिया गया कि विद्यालय के सभी कर्मियों की EL की संपुष्टि कार्यकारिणी समिति के माध्यम से की जाय।

7. समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आवास में निर्गत किये गये सरकारी सामानों की सूची बनाने संबंधी विचार–विमर्श।

प्राचार्य को निर्देश दिया गया कि विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आवास में निर्गत किये गये सरकारी सामानों, उपस्करों आदि की सूची की रजिस्टर अद्यतन रहनी चाहिए, जिसपर कर्मियों के हस्ताक्षर सत्यापन यथासमय होते रहें।

8. श्री ओम प्रकाश तियु के आवेदन पत्र पर विचार–विमर्श।

उन्हें विद्यालय में अपनी बी. एड. की परीक्षा समाप्ति होते ही योगदान करने की अनुमति दी गई।

23.2.2019

विनोद कुमार सिंह
23.2.19

23.2.19

9. विगत विज्ञापन के आधार पर डॉक्टर की नियुक्ति हेतु एक भी आवेदन पत्र प्राप्त नही हुआ है, इस संबंध में कार्यकारिणी समिति में विचार–विमर्श।

कार्यकारिणी के सदस्यों की सहमति हुई कि इसे पुनः विज्ञापित करें जिसमें यह भी दर्शाया जाय कि डॉक्टर के पद के अनुरूप अन्य सुविधाएं बढ़ाये जाने के विषय में समिति उपयुक्त कदम उठायेगी।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(कृष्ण कुमार नाग) 23.2.2019

सभापति
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

23.2.19.

23.2.19

23/02/19